**दिनांक: 04.02.2026**

**प्रेस विज्ञप्ति**

आज मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश की इंडस्ट्री कमिटी द्वारा आयोजित एक प्रेस वार्ता में आगामी कार्यक्रम "India's Path Ahead Amid Trump's Turbulence, China's Game, Russia's Resilience and More" की विस्तृत जानकारी साझा की गई। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम गुरुवार, 5 फ़रवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा।

इस टॉक शो में दो प्रतिष्ठित विशेषज्ञ — मेजर जनरल (से.नि.) राजीव नारायणन एवं कर्नल (से.नि.) अजय के. रैना और YT DEF Talks के आदि अंचित विशेष रूप से शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान समकालीन वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य, बदलते अंतरराष्ट्रीय समीकरणों तथा भारत की भावी रणनीतिक दिशा पर गहन और सारगर्भित विमर्श किया जाएगा।

प्रेस वार्ता को सुशील शर्मा (चेयरमैन, इंडस्ट्री कमिटी), शिवांश मेहरा (सदस्य, इंडस्ट्री कमिटी) एवं प्रभात मिश्रा (मुख्य परिचालन अधिकारी, एमसीयूपी) ने संबोधित किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा—
"विश्व पटल पर हो रहे वैश्विक परिवर्तनों के बीच भारत की राह क्या होगी—इसका उत्तर इस मंच पर मिलेगा।"
"आज के समय में जानकारी ही सबसे बड़ी शक्ति है, और यह मंच कानपुर के उद्यमियों, व्यापारियों, पेशेवरों एवं प्रबुद्ध जनों को वही शक्ति प्रदान करेगा।"

वर्तमान समय में अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य अत्यंत अस्थिर दौर से गुजर रहा है। ट्रंप टैरिफ के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता, चीन की अदृश्य लेकिन कुटिल रणनीतियाँ, तथा रूस की मजबूत स्थिति ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में उथल-पुथल मचा दी है। वहीं, नाटो देशों के साथ अमेरिका की बढ़ती दूरियाँ विश्व मंच पर नए समीकरणों और संभावनाओं को जन्म दे रही हैं।

इन जटिल वैश्विक परिस्थितियों में यह अत्यंत आवश्यक हो जाता है कि हमारे उद्यमी, व्यापारी, पेशेवर वर्ग एवं समाज यह समझें कि किस प्रकार इन चुनौतियों के बीच आगे बढ़ते हुए भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी भूमिका निभाई जाए।

इसी दृष्टिकोण के तहत मर्चेंट्स चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष श्री अभिषेक सिंघानिया ने इस परिचर्चा के लिए सेवानिवृत्त शीर्ष सैन्य अधिकारियों मेजर जनरल राजीव नारायणन एवं कर्नल अजय कुमार रैना, साथ ही प्रख्यात डिफेंस यूट्यूबर श्री आदि अंचित को कानपुर आमंत्रित किया है। अपनी गहन सूझ-बूझ और दूरदर्शिता के माध्यम से श्री सिंघानिया ने कानपुर के प्रबुद्ध जनों को एक महत्वपूर्ण वैचारिक मंच प्रदान किया है।

गौरतलब है कि श्री अभिषेक सिंघानिया सदैव कानपुर के समग्र विकास तथा आमजन के हितों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। इसी क्रम में यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।